**हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 12.10.2024**

# दर्पण पोर्टल पर बरेली पुलिस की दसवीं रैंक

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** शासन द्वारा दर्पण पोर्टल की सितंबर माह की रैंकिंग में बरेली जिले को इस बार दसवां स्थान मिला है। इसके अलावा जोन के चार जिले टॉप फाइव में चयनित हुए हैं। इनमें पहले नंबर पर रामपुर जिला है।

मुख्यमंत्री द्वारा कानून एवं व्यवस्था के संबंध में प्रत्येक माह दर्पण पोर्टल पर गृह विभाग की कानून एवं व्यवस्था से संबंधित कुल 51 परियोजनाओं को सम्मिलित करते हुए रैंकिंग तय होती है। इसमें अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण (गिरफ्तारी, गुण्डा अधिनियम, गैंगस्टर, महिला अपराध एवं एससी-एसटी में कार्रवाई), समयबद्ध विवेचना, कोर्ट में पैरवी, वारंट तामीला, जनहित गारंटी अधिनियम के कार्य, फायर ब्रिगेड की एनओसी एवं पीआरवी रेस्पांस टाइम आदि सम्मिलित है। इसमें पिछले दो माह की अपेक्षा सुधार कर बरेली पुलिस को इस बार दसवीं रैंक मिली है जबकि जून में 38, जुलाई में 25 और अगस्त में 15 रैंक थी।

- **टॉप फाइव में जोन के चार जिले, रामपुर को मिला पहला नंबर**
- **पुलिस से संबंधित 51 परियोजनाओं पर जारी की जाती है रैंकिंग**

> दर्पण पर जारी रैंकिंग में सुधार के लिए बरेली पुलिस लगातार प्रयासरत है। पिछले तीन महीने में हमने काफी सुधार किया है और आगामी माह में इससे भी अच्छे परिणाम सामने आएंगे।
>
> – अनुराग आर्य, एसएसपी

**रैंकिंग के टॉप फाइव जिले:** बरेली जोन से रामपुर को पहली, संभल को दूसरी, अमरोहा को तीसरी और शाहजहांपुर को चौथी रैंक मिली है। पांचवें नंबर जिला अंबेडकरनगर है।

अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 12.10.2024

# सीएम दर्पण पोर्टल : शीर्ष 10 में पांच जिले बरेली जोन के

संवाद न्यूज एजेंसी

## बरेली ने सुधारी रैंक, प्रदेश में 10 वें पायदान पर आया

बरेली। सीएम दर्पण पोर्टल में बरेली जोन के पांच जिलों ने शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। इनमें रामपुर को पहला, संभल को दूसरा, अमरोहा को तीसरा और शाहजहांपुर को चौथा स्थान मिला है। 10वीं रैंक के साथ बरेली भी इस सूची में शामिल है।

बरेली जिले ने पिछले कुछ समय में काफी सुधार किया है। जुलाई की रैंकिंग में बरेली 34वें और अगस्त में 15वें स्थान पर रहा था। अधिकारियों ने सुधार के निर्देश दिए थे जिसका असर सितंबर की रैंकिंग में देखने को मिला और बरेली दसवें स्थान पर आ गया।

वहीं, जोन का पीलीभीत अब भी पिछड़ा हुआ है। सितंबर की रैंकिंग में पीलीभीत 60वें और बदायूं 50वें स्थान पर है। सीएम दर्पण पोर्टल पर पुलिस से संबंधित कार्य के 50 से ज्यादा बिंदुओं का आंकलन कर रैंकिंग तैयार की जाती है।

इसमें विवेचना निस्तारण, गिरफ्तारी, सजा, जघन्य अपराध में कार्रवाई, सत्यापन का निस्तारण, इनामिया बदमाशों की गिरफ्तारी, गुंडा और पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई, पॉक्सो में सजा आदि कार्य शामिल हैं। एडीजी जोन रमित शर्मा ने टॉप करने वाले जिलों के कप्तान को शाबासी दी है। वहीं, पिछड़ने वाले जिलों के कप्तान को कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 12.10.2024

## सीएम दर्पण की रैंकिंग में जोन के चार जिले टॉप पर

- रैंकिंग में सुधार कर बरेली 10 वें नंबर पर पहुंचा, पीलीभीत और बदायूं फिसड्डी

**बरेली, अमृत विचार :** सीएम दर्पण पोर्टल की रैंकिंग में बरेली जोन के चार जिले प्रदेश में टॉप पर हैं। बरेली भी रैंकिंग में सुधार कर 10वें स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि पीलीभीत जिला रैंकिंग में काफी पीछे है। यह रैंकिंग पुलिस से संबंधित कार्यों के 50 बिंदुओं का आकलन कर तैयार की जाती है।

सीएम दर्पण पोर्टल में सितंबर महीने की रैंकिंग में जोन का रामपुर जिला पहले, संभल दूसरे, अमरोहा तीसरे और शाहजहांपुर चौथे नंबर पर है। बरेली जून में 34वें, जुलाई में 25वें और अगस्त में 15वें स्थान पर था। लगातार सुधार के बाद सितंबर में बरेली 10वें नंबर पर पहुंच गया। पीलीभीत की रैंक प्रदेश में 60 और बदायूं की 50 है। पुलिस की यह रैंकिंग सत्यापन का निस्तारण, इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी, गुंडा और पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई, विवेचना निस्तारण, गिरफ्तारी, सजा, जघन्य अपराध में कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई समेत अन्य बिंदुओं का आकलन कर तैयार की जाती है। अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने टॉप करने वाले जिलों के पुलिस अधीक्षकों को बधाई दी और पिछड़ने वाले जिलों के एसएसपी को कार्य में सुधार करने के निर्देश भी दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिले को पहली रैंक पर लाने के प्रयास किए जाएंगे।

# सीएम दर्पण पोर्टल में बरेली जोन के चार जिले टॉप पर, 60वीं रैंक पाकर पीलीभीत फिसड्डी

**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** सीएम दर्पण पोर्टल में बरेली जोन के चार जिलों ने टॉप किया है। जोन के रामपुर, संभल, अमरोहा और शाहजहांपुर जिले रैंकिंग में सबसे ऊपर हैं। वहीं बरेली जिले ने पिछले कुछ समय में काफी सुधार किया और दसवें पायदान पर रहा। जुलाई की रैंकिंग में बरेली 34वें और अगस्त में 15वें स्थान पर रहा था।



अधिकारियों ने बरेली जिले की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए थे, जिसका असर सितंबर की रैंकिंग में देखने को मिला और बरेली दसवें स्थान पर आ गया। वहीं जोन का जिला पीलीभीत रैंकिंग में अब भी पिछड़ा हुआ है। सितंबर की रैंकिंग में पीलीभीत 60वें स्थान पर रहा। वहीं जिला बदांयू की रैंकिंग 50 वें स्थान पर है।

पुलिस संबंधित कार्य के लगभग 50 बिंदुओं का आंकलन कर रैकिंग तैयार की जाती है। इसमें विवेचना निस्तारण, गिरफ्तारी, सजा, जघन्य अपराध में कार्रवाई, सत्यापन का निस्तारण, इनामिया बदमाशों की गिरफ्तारी, गुंडा और पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई, पॉक्सो एक्ट में सजा आदि कार्य हैं।

एडीजी जोन रमित शर्मा ने टॉप करने वाले जिलों के पुलिस अधीक्षकों को शाबासी दी है, वहीं पिछड़ने वाले जिलों के कप्तान को कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 12.10.2024

# दर्पण पोर्टल पर रामपुर पुलिस को पहली रैंक मिली

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** शासन द्वारा दर्पण पोर्टल की सितंबर माह की रैंकिंग में बरेली जिले को इस बार दसवां स्थान मिला है। इसके अलावा जोन के चार जिले टॉप फाइव में चयनित हुए हैं। इनमें पहले नंबर पर रामपुर जिला है। मुख्यमंत्री द्वारा कानून एवं व्यवस्था के संबंध में प्रत्येक माह दर्पण पोर्टल पर गृह विभाग की कानून एवं व्यवस्था से संबंधित कुल 51 परियोजनाओं को सम्मिलित करते हुए रैंकिंग तय होती है। इसमें अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण (गिरफ्तारी, गुण्डा अधिनियम, गैंगस्टर, महिला अपराध एवं एससी-एसटी में कार्रवाई), समयबद्ध विवेचना, कोर्ट में पैरवी, वारंट तामीला, जनहित गारंटी अधिनियम के कार्य, फायर ब्रिगेड की एनओसी एवं पीआरवी रेस्पांस टाइम आदि सम्मिलित है। इसमें पिछले दो माह की अपेक्षा सुधार कर बरेली पुलिस को इस बार दसवीं रैंक मिली है जबकि जून में 38, जुलाई में 25 और अगस्त में 15 रैंक थी।

**रैंकिंग के टॉप फाइव जिले :** इस रैंकिंग में बरेली जोन से रामपुर को पहली, संभल को दूसरी, अमरोहा को तीसरी और शाहजहांपुर को चौथी रैंक मिली है। इसके अलावा पांचवें नंबर जिला अंबेडकरनगर है।

हिन्दुस्तान जनपद सम्भल दिनॉक 12.10.2024

# दर्पण पोर्टल पर संभल को राज्य में मिला दूसरा स्थान

## रैंकिंग

- टॉप फाइव में जोन के चार जिले, रामपुर को मिला पहला नंबर
- पुलिस से संबंधित 51 परियोजनाओं पर जारी की जाती है रैंकिंग

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** शासन द्वारा जारी दर्पण पोर्टल की सितंबर माह की रैंकिंग में संभल जिले को प्रदेश में इस बार दूसरा स्थान मिला है। इसके अलावा जोन के चार जिले टॉप फाइव में चयनित हुए हैं। इनमें पहले नंबर पर रामपुर जिला है।

मुख्यमंत्री द्वारा कानून एवं व्यवस्था के संबंध में प्रत्येक माह दर्पण पोर्टल पर गृह विभाग की कानून एवं व्यवस्था से संबंधित कुल 51 परियोजनाओं को सम्मिलित करते हुए रैंकिंग तय होती है। इसमें अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण (गिरफ्तारी, गुण्डा अधिनियम, गैंगस्टर, महिला अपराध एवं एससी-एसटी में कार्रवाई), समयबद्ध विवेचना, कोर्ट में पैरवी, वारंट तामीला, जनहित गारंटी अधिनियम के कार्य, फायर ब्रिगेड की एनओसी एवं पीआरवी रेस्पांस टाइम आदि सम्मिलित है। इसमें पिछले दो माह की अपेक्षा सुधार कर बरेली पुलिस को इस बार दसवीं रैंक मिली है।

### रैंकिंग के टॉप फाइव जिलों पर नजर

इस रैंकिंग में बरेली जोन से रामपुर को पहली, संभल को दूसरी, अमरोहा को तीसरी और शाहजहांपुर को चौथी रैंक मिली है। इसके अलावा पांचवें नंबर जिला अंबेडकरनगर है।

“दर्पण में जारी रैंकिंग में संभल पुलिस ने बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश में दूसरी रैंकिंग हासिल की है। प्रथम रैंक पर आने के लिए और प्रयास किए जाएंगे। -**कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी, संभल